राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 5 : अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्यायें

कार्यपत्रक - 5

आप हाल ही में एक नए घर में स्थानांतरित हुए हैं और आपने इसे सजाने और संवारने का फैसला किया है।इस के लिए आपको कुछ नए सामान खरीदने होंगे। आप एक नया टीवी, एक वॉशिंग मशीन, एक बिस्तर, एक अलमारी और नया सोफा सेट खरीदने की योजना बना रहे हैं। आपके पास 100000 रुपये का प्रावधान है। जब आप शोरूम गए तो आपको पता चला कि एक नए टी.वी. की कीमत 35000 रुपये, वॉशिंग मशीन 20000 रुपये, एक नया बिस्तर 25000 रुपये, अलमारी 20000 रुपये और सोफासेट 50000 रुपये का होगा। तो कुल राशि 150000 रुपये आती है लेकिन आपके पास केवल 100000 रुपये हैं। दी गयी स्थिति के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

1. क्या आपको लगता है कि यहाँ आप किसी विशिष्ट समस्या का सामना कर रहे हैं? उस समस्या की पहचान कीजिये ।

2. आपके विचार में आपको इस समस्या का सामना क्यों करना पड़ रहा है? क्या ऐसा इसलिए है कि आपके पास पर्याप्त संसाधन (धन) नहीं हैं या इसलिए कि संसाधनों (धन) का उपयोग कई अन्य कार्यों में किया जा सकता है?

3. क्या ऐसी समस्याओं का कोई निदान है? आप इस तरह की समस्याओं का समाधान कैसे पा सकते हैं?

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 5 : अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्यायें

कार्यपत्रक - 5

एक अर्थव्यवस्था में विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाता है और उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाता है। इन वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन विभिन्न कारकों जैसे अर्थव्यवस्था की आवश्यकता, उपभोक्ताओं की मांग, जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल, श्रम बल का प्रकार, विभिन्न तकनीकों की उपलब्धता आदि के आधार पर किया जाता है। दिए गए कथन को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिये।

4. एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था जो केवल दो प्रकार के सामान का उत्पादन करती है - उपभोक्ता सामान या सैन्य सामान। आपकी राय में, इस अर्थव्यवस्था में अधिक उत्पादन किसका होना चाहिए? स्पष्ट कीजिये।
5. यदि देश की सुरक्षा के लिए कोई बाहरी खतरा है या अन्य देशों के साथ युद्ध की संभावना है तो क्या आपका जवाब बदल जाएगा?

विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के पास एक ही सामान और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए अलग-अलग विकल्प हैं। इन विकल्पों को मोटे तौर पर श्रम गहन प्रौद्योगिकी या पूंजी-गहन प्रौद्योगिकी में वर्गीकृत किया जा सकता है।

6. आप श्रम गहन प्रौद्योगिकी और पूंजी-गहन प्रौद्योगिकी से क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिये ।

7. आपकी राय में कौन-सी तकनीक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर है और क्यों?

मान लीजिए कि आप काल्पनिक अर्थव्यवस्था में उत्पादन निर्णय को नियंत्रित करते हैं। चूंकि, नियंत्रण आपके हाथ में है ,आपको यह तय करना है कि क्या उत्पादन करना है, कैसे उत्पादन करना है और किसके लिए उत्पादन करना है। आपकी प्रमुख चिंता यह है कि उत्पादन किसके

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

पाठ 5 : अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्यायें

कार्यपत्रक - 5

लिए किया जाए और उस आधार पर आप उत्पादन करना शुरू करेंगे। दी गई स्थिति के प्रकाश में, निम्नलिखित प्रश्नों केउत्तर दीजिए-

8. यदि आप एक पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में हैं तो आप किसके लिए उत्पादन करेंगे और क्यों?

9. यदि आपके देश की जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल ऐसी है, जिसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है, तो उत्पादन करने का निर्णय लेते समय आप किस लक्ष्य को प्राथमिकता देंगे और क्यों?

10. यह अक्सर कहा जाता है कि सभी संसाधनों का, उनकी पूर्ण क्षमता तक उपयोग किया जाना चाहिए। इसका अर्थ यह है के हमें संसाधनों के अति-उपयोग व अल्प उपयोग से बचना चाहिए। संसाधनों के अति उपयोग व अल्प उपयोग से बचना क्यों आवश्यक है ? संसाधनों के अल्प व अति उपयोग का एक उदाहरण दीजिये ।